ANTARRASHTRIYA LOKYANI ANUSANDHATA

Compiled by
NARENDRA DHIR
Assisted by
JAGDISH CHATURVEDI
Published by
FOLK-LORE AKADEMI
FIRST EDITION 1962

Head Office :
KHANNA, PUNJAB
Delhi Office :
12/1-A MOTI NAGAR, NEW DELHI-15

प्रकाशक :
फ़ोक-लोर अकादमी
मुख्य कार्यालय
नरेन्द्र भवन, जी० टी० रोड,
खन्ना, (पंजाब)
दिल्ली कार्यालय :
१२/१-ए, मोती नगर, नई दिल्ली-१५

मूल्य ५-००
प्रथम बार, १९६२

मुद्रक :
एस० द्वारकादास एण्ड कम्पनी
पोस्ट बॉक्स नं० ११२५,
४२८५, अंसारी रोड,
३, दरयागंज, दिल्ली-६

BIBLIOGRAPHY OF
INTERNATIONAL
FOLK-LORISTS

अन्तर्राष्ट्रीय
लोकयानी
अनुसंधाता

फोकलोर अकादमी प्रकाशन

अन्तर्राष्ट्रीय
लोक-साहित्य
के
विद्वज्जनों तथा
जिज्ञासुओं को

स्वकथन

अभी तक किसी भी भाषा में ऐसी कोई भी पुस्तक प्राप्य नहीं है जिसमें लोकयानी जिज्ञासु अथवा विद्वान अपने विषय पर लिखी गई पुस्तकें खोज सकें। प्रारम्भ में यह पुस्तक एक साधारण निबन्ध मात्र थी। कुछ समय बाद ज्यों-ज्यों नाम जुड़ते गये इसका विस्तार भारत तक हो पाया और भाषा विभाग पंजाब से अनुदान प्राप्त होने के पश्चात् इसका क्षेत्र विदेशों तक भी फैल गया।

संकलन कर्ता का यह दावा कदापि नहीं है की इस पुस्तक से कोई तत्सम्बन्धी पुस्तक छूटी ही नहीं है। भारत की ही विभिन्न भाषाओं की पुस्तकें इस में नहीं आ पायी हैं। फिर विदेश की तो बात ही क्या। हाँ यह बात अवश्य है कि इस पुस्तक में जहाँ तक पहुँच सम्भव थी पुस्तकों की सूची बन गयी है।

प्रस्तुत पुस्तक के प्रकाशन में जो सहयोग हमें भाषा विभाग पंजाब के महा निदेशक श्री लालसिंह जी का प्राप्त हुआ है उस के प्रति अकादमी विशेष रूप से आभारी है।

अकादमी इन दिनों "भारतीय लोक-साहित्य कोश" के निर्माण में व्यस्त है। पंजाबी में इसी प्रकार का कोश "पंजाबी लोक-साहित्य कोश" के नाम से अकादमी के पास तय्यार है; शीघ्र ही प्रकाशन व्यवस्था हो जाने पर जिज्ञासुओं की सेवा में प्रस्तुत किया जायेगा।

अकादमी श्री द्वारका दास जी मिश्रा की विशेष रूप से आभारी है जिन्होंने इस पुस्तक के मुद्रण में अकादमी का मार्ग प्रशस्त किया।

—*संयोजक*

अनुग्रह

भाषा-विभाग पंजाब—
जिन्होंने पुस्तक के
प्रकाशन के हेतु एक
हज़ार रुपये का
अनुदान दिया।

नरेन्द्र धीर

जन्म : १७ फरवरी, १९२५, लश्कर गवालियर (म० प्र०)
निवासी : उज्जैन (मध्यप्रदेश), खन्ना (पंजाब)
निवास : १२/१-ए, मोतीनगर, नई दिल्ली-१५
व्यवसाय : लेखन, संपादन, शोध इत्यादि
रचनायें : 'वेनिस का सौदागर' (काव्य), 'रंगीला चक्कर' (उपन्यास), 'मैं धरती पंजाब की' (शोध-ग्रन्थ : हिन्दी एवम् पंजाबी—केन्द्रीयशिक्षा मंत्रालय द्वारा सर्वोत्कृष्ट घोषित एवम् २००० रुपये से पुरस्कृत), नाथ-सिद्ध सहित्य (शोध ग्रन्थ : हिन्दी एवम् पंजाबी), हिमानी लोक-साहित्य (हिमानी प्रदेशीय लोक-साहित्य-शोध), 'मधुयामा' (काव्य), 'उर्वशी के गीत' (काव्य), अन्तरिक्ष के यात्री (चाँद सितारों की दुनिया), 'भारतीय-लोक-नाट्य' (शोध ग्रन्थ), 'धरती मेरी बोलती' (शोध ग्रन्थ)

जगदीश चतुर्वेदी

जन्म : १३ जनवरी, १९३३, लश्कर गवालियर (म०प्र०)
निवासी : उज्जैन (मध्य प्रदेश)
निवास : ९/२ ईस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली-१२.
व्यवसाय : लेखन, आकाशवाणी भोपाल से संबद्ध; वर्तमान व्यवसाय : अनुसंधान सहायक—केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, दिल्ली
रचनायें : जीवन का संघर्ष (कहानियाँ), कपास के फूल (नाटक), वृत्त के चारों ओर (कहानीसंग्रह), प्रारम्भ (काव्य सम्पादन), पारिभाषिक शब्दसंग्रह (सहयोगी)

भारतीय लोक-साहित्य

एक सर्वेक्षण

यूँ तो भारतीय लोक-साहित्य का अपना एक इतिहास है एवम् उसमें भी उसकी प्राचीनता अपना एक अलग महत्त्व रखती है परन्तु विभिन्न विद्वानों के मतानुसार संसार के प्राचीनतम ग्रन्थ जिनकी रचना सप्तसिंधु अथवा पंजाब में हुई थी—लोक-साहित्य संकलन के सर्वप्रथम ग्रन्थ माने जाने चाहिये। वेदों को संभवतः इसी कारण श्रुति कहा गया है। 'वेदों का बहुत सा साहित्य लोक-साहित्य माना जाता है। अथर्ववेद के कुन्तापसूक्त (२०—१२७—१३६) खिल या परिशिष्ट कहे गये है। निश्चय ही इनमें संहिताकार ने लोक-साहित्य का संकलन किया है। संग्रह करने वाले वेदव्यास स्वयं कुरु जनपद के थे और वहाँ के लोक-साहित्य से भली भाँति परिचित थे। जब वे कृषि परिवारों में प्रणीत साहित्य का संग्रह कर चुके तो उनका ध्यान लोक में फैले हुए गानों पर भी गया जान पड़ता है। वे ही कुन्तापसूक्त है।' श्रुति वेदों का ही एक नाम माना जाता है। यह एक निश्चित संकेत माना जा सकता है कि यह वेदों की मौलिक वस्तु नहीं है वरन् तत्कालीन लोक-साहित्य है, जिसे बाद में जोड़ दिया गया प्रतीत होता है।

वेदों के पश्चात् उपनिषदों की रचना हुई जिसमें हमें लोक-कथाओं का कुछ अंश प्राप्त होता है। प्रत्येक दस उपनिषदों में हमें जहाँ एक ओर आत्मानुसंधान की प्रवृत्ति मिलती है वहाँ लोक-कथाओं के आधार पर जीवन-दर्शन का स्पष्ट दिग्दर्शन भी प्राप्त होता है। लोक-कथाओं का यह रूप भले धार्मिक परम्पराओं से परिपूरित हो पर उनमें हमें तत्कालीन लोक का एवम् उनकी लोक-परम्पराओं का दिग्दर्शन स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है।

उपनिषदों में जहाँ हमें आत्मानुसंधान की प्रवृत्ति वाली लोक-कथायें प्राप्त होती है, वहाँ ब्राह्मण ग्रन्थों में लोक-कथाओं को प्रतीकों एवम् उपमाओं के रूपक में बाँधकर प्रस्तुत किया गया है। लोक-धर्मी कथा परम्परा अथवा उसकी शैली भले ही तत्कालीन लोक के लिए शिक्षादायिनी अथवा दार्शनिक रूप से ओत-प्रोत हो परन्तु वह वर्त्तमान काल में तो लोक-साहित्य के अतिरिक्त अन्य नहीं मानी जानी चाहिए। ब्राह्मण ग्रन्थों की भाँति स्मृतियों में भी लोक-साहित्य का ही अंश प्राप्त होता है। स्मृतियों का उद्भव तो पूर्णरूपेण 'स्मरण की हुई' से ही हुआ है। तभी तो इन्हें 'स्मृति' कहा गया। लोक साहित्य भी प्राय: स्मृति के आधार पर ही अपनी लम्बी यात्रा का मार्ग सुगम कर पाते हैं। कंठों पर अठखेलियाँ करने वाला लोक-साहित्य कर्ण-द्वारों के द्वारा अन्तस में पैठता है और शनैः शनैः अन्तस में घर करता रहता है। यदा-कदा, यत्र-तत्र-सर्वत्र वह पुनः कंठों पर नर्तन करता है और युगानुयुग तक अपना अस्तित्व बनाये रखता है। अपने अस्तित्व को बनाये रखने में उसे भले कितने ही रूप बदलने पड़ें, भले कितने ही प्रदेशों का भ्रमण करना पड़े, भले कितने ही कंठों पर उसे कलाबाजियाँ लगानी पड़ें, पर वह अपने अस्तित्व को गुमने नहीं देता, खोने नही देता।

रामायण एवम् महाभारत जिन्हें हम भारतीय अपने धार्मिक ग्रन्थ मानते हैं इनमें सहस्त्रों कथावस्तुओं का उद्भव छिपा पड़ा है। आज का युग

इन्हें इतिहास कह ले, धार्मिक ग्रन्थ कह ले अथवा कुछ और पर यह तो निश्चय ही सत्य है कि रामायण तथा महाभारत की वृहद् कथायें हमें तत्कालीन लोक की सांस्कृतिक झाँकियों का प्रदर्शन कराती है। लोक-परम्परायें, लोकोपमायें, लोक-संस्कृति, लोक-इतिहास, लोक-कलायें एवम् तत्कालीन लोक-रीतियों का स्पष्ट एवम् गहन अध्ययन करने के लिये हमें इन लोकप्रिय ग्रन्थों की सहायता निश्चय ही लेनी होगी।

रामायण, महाभारत के साथ-साथ ही भारतीय पुराणों में तो असंख्य लोक-कथायें संनिहित है। हमारे ये पुराण लोक-परम्परा के द्योतक ग्रन्थ माने जाने चाहिये। तत्कालीन लोक ने जिन आपदाओं का सामना किया, प्रकृति के जिन तत्त्वों ने तत्कालीन लोक को सहायता पहुँचाई अथवा अपने अद्वितीय चमत्कारों द्वारा लोकहित किया वे उस काल के लोक के लिये देवी, देवता अथवा महापुरुष हो गये। जिन तत्त्वों ने अथवा जिन विकारों ने उन्हें कष्ट पहुँचाया उनकी प्रगति में वाधक हुये वे असुर अथवा राक्षस की श्रेणी में रखे जाकर अवहेलना के पात्र माने गये। तत्कालीन लोक ने अपने विभिन्न संस्कारों की कथाओं को इन पुराणों में संकलित करके निश्चय ही बड़ा भारी ऐतिहासिक एवम् श्रद्धा योग्य कार्य किया है। पुराणों में संकलित विभिन्न कथाओं में लोकोपमायें, लोक-परम्परायें, लोक द्वारा प्रचलित मंत्र-तंत्र, जादू-टोने आदि विभिन्न मात्रा में उपलब्ध होते हैं। उपरोक्त समस्त साहित्य का रचनाकाल सम्भवतः ईसा से ४-५ हजार वर्ष पूर्व से लेकर ईसा की छठी अथवा सातवीं शताब्दी तक रहा है। इतने बड़े लम्बे काल का लोक-इतिहास, लोक-परम्परायें तथा लोक का जीवन-दर्शन हमें इन्हीं महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों से प्राप्त होता है। वर्तमानकालीन लोक-साहित्य का पर्यवेक्षक हमारे इन पुरातन रचनाकारों के प्रति न केवल आभारी ही है वरन् वह स्पष्ट शब्दों में यह निर्णय दे सकता है कि उसका प्रागैतिहासिक काल के लोक का ज्ञान अथवा

अनुमान इसी बृहद् साहित्य से प्राप्त हो पाता है। युगों का आवर्तन-परिवर्तन इस महान साहित्य के अन्तस में ही संकलित एवम् संनिहित है।

इन सभी के अतिरिक्त पाली ग्रन्थों में, त्रिपिटकों में तथा जातक कथाओं में भी हमें असंख्य लोक-साहित्य का स्पष्ट दिग्दर्शन हो जाता है। जातक कथाओं, पाली ग्रन्थों एवम् त्रिपिटकों में जैन एवम् बौद्ध कालीन लोक, उनके रीति-रिवाज, संस्कार, उनकी परम्परायें एवम् उनका लोकपक्ष स्पष्ट होकर हमारे सामने उभर आता है। हमारे विभिन्न धार्मिक ग्रन्थों के समान ये धार्मिक ग्रन्थ भले ही लोक-साहित्य न माने जायें परन्तु इनमें लोकोन्मुखी परम्परा तो स्पष्ट सामने आ उपस्थित होती है। सम्भवतः ही ऐसा कोई ग्रन्थ हो जिसमें हमें तत्कालीन लोक-धर्मी परम्परा का दर्शन न हो सके। परन्तु अधिकतर साहित्य में हमें लोक का दर्शन मिलता है। वास्तव में देखा जाये तो साहित्य का कोई भी अंग लोक-पक्ष से अछूता नहीं। प्रत्येक साहित्य का प्रत्येक अंग-प्रत्यंग ही लोक-पक्ष से आलोड़ित है परन्तु जिस साहित्य में स्पष्ट रूप से लोकधर्मी परम्परायें निहित हों वही लोक-साहित्य का विशुद्ध अंग माना जाना चाहिये। आज का युग वैज्ञानिक अर्थपोषण का युग कहा जा सकता है जिसमें लोक-पक्ष पूर्णरूपेण उभरा हुआ है। लोक-साहित्य एवम् संस्कृति के विभिन्न अंगों के पर्यवेक्षक आज के युग में विभिन्न रीतिनीतियों से अपने-अपने ढंग से पर्यवेक्षण कर रहे हैं। किस पर्यवेक्षक का ढंग अधिक वैज्ञानिक अथवा सर्वाधिक रूप से समृद्ध है इसका लेखा जोखा देना यहाँ हमारा दृष्टिकोण नहीं, यहाँ हमारा दृष्टिकोण तो केवल इस साहित्य की संकलन-परम्परा को किन महामानवों ने उत्तरोत्तर प्रगति दी है यह देखना अवश्य है।

ईसा की सातवीं शताब्दी के लगभग रस शास्त्र के चौदहवें आचार्य नागार्जुन ने अपने विभिन्न पदों में लोक-शैली की परिचर्या का उल्लेख किया

है। लोक-शैली की यह परिचर्या जिसे आज हम सम्मोहन, उच्चाटन, जादू-टोना अथवा इसी प्रकार के तंत्र-मंत्र मानते है —का प्रादुर्भाव इन्हीं विभिन्न सिद्धाचार्यों द्वारा हुआ है। नागार्जुन, गोरख, चरपट, चोरंगी, तंतिपा, जालन्धर एवम् तिलोपा आदि नाथ-सिद्ध-सम्प्रदाय के विभिन्न महायोगियों ने अपनी वाणी को तत्कालीन लोक-भाषा प्रदान कर एवम् उसमें विभिन्न लोक-साहित्य का सृजन कर देश एवम् राष्ट्र को समृद्धि प्रदान की जिनके कारण आज भी हम उनके विभिन्न पदों को लोक में लोकोक्तियों की भाँति प्रचलित पाते हैं और यदाकदा लोक के कण्ठ द्वारा उच्चारित होते देखते-सुनते हैं। इन नाथ-सिद्धों में गोरख सबसे अग्रणी एवम् लोकप्रिय माने गये हैं। उनका साहित्य विभिन्न भाषाओं में रूपांतरित भी मिलता है। गोरख स्वयं मराठी, गुजराती, पंजाबी अथवा मैथिली जानते थे या नहीं यह कह पाना तो कठिन है परन्तु उनकी वाणी विभिन्न लोक-भाषाओं का शृंगार बनी तथा विभिन्न प्रदेशों में लोक के कण्ठ का शृंगार बन मुखरित हुई। गोरख ने लोकहित के लिये यदि एक स्थान पर गूगा की माँ वांछल को गूगल देकर जीवन प्रदान किया तो लोक में प्रचलित हो गया कि यह उसका चमत्कार है परन्तु वैज्ञानिक दृष्टिकोण से यदि देखा जाये तो यह एक लोकोपचार है क्योंकि गूगल के प्रभाव से ऋतु अवरोध समाप्त हो जाता है। इस प्रकार ये महापुरुष जो लोक द्वारा एक स्वर से महान मान लिये गये वास्तव में महान तो थे ही परन्तु अवतार नहीं। लोक में प्रत्येक महापुरुष को अवतार मान लेने की एक परम्परा रही है उसका ही यह प्रभाव कहा जा सकता है। गोरख की भाँति चरपट ने भी अपनी वाणी में विभिन्न लोकोपचारों का वर्णन किया है। कौन कह सकता है कि यह लोक में प्रचलित विभिन्न उपचार इन्हीं महानात्माओं की अद्वितीय देन हों।

फ़रीद, नानक, बुल्लेशाह, तुलसी, सूर, कबीर तथा मीरा आदि विभिन्न संत सूफी कवि हुये जो लोक में इतने लोकप्रिय हुये कि इनके विभिन्न काव्यांगों को लोक ने अपनी शैली में ढाल कर अपनी ही निजी वस्तु बना ली। फरीद शकरगंज का काव्य लोक की जिव्हा पर अठखेलियाँ करता हुआ विभिन्न नदी, घाटी, झील वन, पर्वत, एवम् रेगिस्तानों को पार करता हुआ राजस्थान में जा पहुँचेगा एवम् वहाँ के लोक के कण्ठ का सुगम श्रृंगार बनेगा यह कौन कह सकता है—

"कागा सब तन खाइयो चुन चुन खाइयो मास।
ये दो नैना मत खाइयो, पिया मिलन की आस।"

राजस्थान के लोक की जिह्वा इन पंक्तियों को जिस स्नेह एवम् अनुराग के साथ गाती है उसी स्नेह, अनुराग, एवम् भक्ति के साथ पंजाब का लोक फरीद की निम्न पंक्तियों का गुरु ग्रन्थ साहब में नित्य प्रति पाठ करता है—

'कागा कुरंग ढंडोलिया, चुरण-चुरण खाइयो मासु
यह दो नैना मत छोइयो, पिर देखरण की आसु।'

फरीद की भाँति नानक, कबीर, तुलसी, सूर, मीरा तथा बुल्लेशाह आदि सभी के काव्य को लोक ने रूपान्तरित कर लोक-काव्य में परिणित किया। इन संत कवियों की वाणी लोक के अन्तस की वाणी बन कर रही। वास्तव में इनके काव्य में तत्कालीन लोक-भावना का सही दिग्दर्शन हुआ जिसके कारण ये कवि लोकप्रिय हुये। इन महाकवियों ने विभिन्न लोक-छन्दों की भी सहायता ली। तत्कालीन लोक-गीतों की ही शैली में रचना की। विशेषतयः नानक ने तो सोहले, अलाहुणियाँ, बारहमाह, घोड़ी, सोहाग तथा काफी आदि विभिन्न लोक-छन्दों का उपयोग करके स्वयं को लोक के अन्तस्तल का कवि बना लिया था। बावन-अक्षरी तथा पट्टी आदि नानक की अपनी लोकोपयोगी विशेषता थी। नानक ने अपने इस लोक-काव्य के

प्रचार एवम् प्रसार का भी अत्यन्त ही लोकप्रिय ढंग अपनाया। भाई बाला तथा मर्दाना जो उनके साथ सदैव ही रहे उनकी वाणी को अत्यन्त ही रोचक ढंग से लोक-संगीत की स्वर लहरियों में आबद्ध करते थे तथा लोक में प्रचलित विभिन्न साजों पर उनकी वाणी को जन-जन के हृदय में पैठने देने का अवसर देते थे। लोक का हृदय नानक की सुगम लोक-वाणी को सुन गद्‌गद् हो जाता था और लोक उसे अपना ही स्वर एवम् भावना मानकर यदाकदा गुनगुना लिया करता था। कौन कह सकता है कि नानक की कमनीय लोकभावना का प्रतिपादन एवम् उनके स्वरों की सरल-तरल मन्दाकिनी का रसास्वादन करते हुये लोक-मानस अपनी सुधि-बुधि नहीं खो बैठता होगा। नानक ने अपने जीवन में विभिन्न यात्रायें की लोकभावनाओं का गहन एवम् आन्तरिक अध्ययन किया और सदैव ही उसने पाया कि लोक-मानस उसकी भावनाओं मे अपना स्वर मिला आलापने को उद्विग्न है। नानक मक्का गये जहाँ बड़े-बड़े मुल्लाओं से भेंट हुई, उनके साथ 'सिद्ध-गोष्टि' हुई और नानक ने उन्हें भी अपने ही रंग में रंग लिया, जिधर भी नानक गये उधर ही लोक-भावना की चर्चा उन्होंने की और वे एक स्वर से जन-जन के अन्तस के गायक,नायक बन बहुचर्चित एवम् लोक के परम श्रद्धास्पद बने। नानक की भाँति कबीर ने भी लोक-भाषा में एवम् लोक-शैली में अपनी काव्य-रचना की जिसके परिणाम स्वरूप कबीर भी लोक-कवि बन तत्कालीन लोक पर छा गये। आज भी होली के अवसर पर 'कबीर' का रंग अपनी निराली ही छटा बिखेरता है। रात्रि के ठण्डे प्रहर में जब कबीर के पदों की रागिनी अपनी भैरवी आलापती है तो लोक का अन्तस उल्लसित हो झूम उठता है। लोक की बात को अत्यंत ही सादे ढंग से कहकर उसमें रहस्यमयी चमत्कारिकता का दिग्दर्शन करा देना कबीर जैसे ही महा-पुरुष का कार्य था। कबीर की उलटबासियाँ आज भी जन-जन की जिह्वा

का श्रृंगार बनी हुई हैं। भिक्षुकों के गीतों में कबीर के गीत प्रायः अपना विशिष्ट स्थान रखते है। सीधे सादे शब्दों मे लोकमानस में तरंगित भावनाओं को लोक तक पहुँचा कर उसके रहस्य मे विचित्र ही सौन्दर्य उपस्थित कर देना कबीर जैसे ही लोक-कवि का कार्य था।

कबीर की भाँति अमीर खुसरो ने भी विभिन्न बोलियो एवम् भाषाओं में अपनी काव्य रचना की। हिन्दी, उर्दू तथा पंजाबी का प्रथम प्रणेता खुसरो आज भी जन-जन की जिह्वा पर, आबाल, वृद्ध. नर-नारी के कण्ठ पर तिरोहित है। उत्तर मे दक्षिण तक तथा पूर्व से पश्चिम तक खुसरो की पहेलियाँ, बुझारतें अथवा बुझौवल विभिन्न रूपों में रूपान्तरित हो प्रचलित हैं। खुसरो स्वयं भी यदि आज आ जाये तो उसे देखकर आश्चर्य होगा कि जिस पहेली की रचना उसने पंजाबी में की थी वही आज मराठी, बंगाली एवम् तामिल में किस प्रकार अनुवादित हो पहुँच गई है। मेरा विश्वास है कि बिना अनुवाद किये स्वयं ही लोक द्वारा अनुवादित हो जाने वाला महापुरुष यह खुसरो ही है। पहेलियों के अतिरिक्त खुसरो के सरल-तरल लोक गीत आज भी महिलाओं की महफ़िलों के श्रृंगार बने हुये हैं। श्रावण के झूले झूलती हुई महिलायें, आँगन में खेलते हुए बच्चे एवम् शिक्षा देते हुए वृद्धजन आज भी खुसरो की विभिन्न पंक्तियों को उल्लिखित किये बिना नहीं रह पाते।

चन्द बरदाई 'रासो' का लेखक यदि अपनी भाषा डिंगल न रखता तो सम्भवतः इतना लोकप्रिय न हो पाता, उसने जिस छन्द का उपयोग अपने काव्य में किया वह पंजाब का सर्वत्र प्रचलित लोक छन्द ही तो था। बरदाई की भाँति ही विभिन्न ऐसे कवि एवम् पंडित हुए जिन्होंने लोक-पक्ष को प्रश्रय दिया और लोक की जिह्वा का श्रृंगार बने।

गुरु अर्जुन देव सिखों के पंचम् गुरु को लोक - साहित्य के प्रथम संकलन कर्ता के रूप में देखकर किसे हर्ष न होगा। विभिन्न गुरुओं की गुरुवाणी, वभिन्न लोकप्रिय संतों की संतवाणी, विभिन्न सूफ़ी फ़कीरों के कलाम तथा विभिन्न लोक-कवियों के काव्य को सग्रहीत कर उसका सम्पादन करना तथा उसे क्रम देना गुरु अर्जुन का ही का ' था। सम्पादक गुरु अर्जुन देव जी ने सम्पूर्ण काव्य को संगीत के स्वरों में भी बांधा और जिस पदावली का जिस स्थान पर जैसा महत्त्व था उसके अनुसार उसे संगीत की पयस्विनी में प्रवाहित किया, जिस लोक कवि की जैसी लोक भावना थी उसके अनुसार उसकी भावना को तिरोहित करने में गुरु अर्जुन देव ने कोई कसर नहीं उठा रखी। लोक छन्दों में उन्होंने स्वयं भी रचना की तथा विभिन्न लोक-काव्यों का उन्नयन किया। गुरु ग्रन्थ साहब को यदि हम धार्मिक ग्रन्थ न मानें तो यह निश्चय ही कहा जा सकता है कि यह विभिन्न लोककवियों द्वारा प्रणीत लोक-काव्य का प्रथम लोक संगीतमय संकलन है। गुरु ग्रन्थ साहब का लोक-पक्ष अत्यन्त ही सबल एवम् भावना प्रधान है। सम्भवतः ही कोई ऐसा भारतीय होगा जो गुरु ग्रन्थ साहब में संकलित लोक-साहित्य के विभिन्न अंगों से परिचित न होगा। गुरु ग्रन्थ साहब में हमें घोड़ी, सोहले, लावां, बारह-माह, काफ़ियाँ, दोहड़े, अलाहुणियां, सबद, सबदी, लोकाख्यान तथा लोकोक्तियां इत्यादि सभी प्राप्त होती हैं। ग्रन्थ साहब संगीत बद्ध होने के कारण स्पष्ट प्रमाण है कि यह तत्कालीन लोक में प्रायः गाया जाता था। फ़रीद, कबीर, नामदेव, पीपा, रामानन्द, रविदास, धन्ना, जयदेव तथा सूरदास जैसे विभिन्न लोककवि ग्रन्थ साहब में एक ही स्थान पर संकलित हैं। ऐसे महान कवियों की लोक में प्रचलित वाणी को संकलित करने के लिए गुरु अर्जुन देव को न जाने कहां-कहां जाना पड़ा होगा और न जाने

कितना प्रयत्न करना पड़ा होगा। वे लोक-साहित्य के उन्नायक थे, यह उनके इस महत्कार्य से स्वयंसिद्ध है।

पंजाब में दामोदर नामक कवि ने सर्वप्रथम 'हीर' नामक लोक-काव्य की रचना की। हीर एक प्रीति कथा है जो पजाब में सर्वाधिक प्रचलित है। एवम् विभिन्न लोक कवियों ने अपने-अपने ढंग से इस लोक कथा को काव्य-बद्ध किया। कौन कह सकता है कि दामोदर की आंखों देखी यह घटना लोक में इतनी प्रचलित हो जायेगी कि दामोदर के अतिरिक्त वारिस शाह, मुकबल, गोकुलचन्द, कान्हसिंह, शादीराम, कालीदास एवम् अन्य बीसयों लोक कवि इस लोक कथा को अपने-अपने काव्य सौष्ठव द्वारा शृंगारेंगे। कहीं बैंत, कहीं काफ़ी, कहीं दोहे, कहीं बोलियां, कहीं लड़ीदार बलियों में हीर-रांझा की यह कथा सर्वत्र पंजाब में बिखरी पड़ी है। असंख्य पंक्तियां इन दो स्नेहियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर चुकी हैं और न जानें कितने पृष्ठ और इसके प्रति अपना अभिनन्दन प्रस्तुत करेंगे।

हीर रांझा की भाँति ही सस्सी-पुन्नू, सोहनी-महीवाल, मिरज़ा-साहिबाँ, कीमा-मलकी, पूरण भगत, परतापी-किरपाल सिंह तथा बुग्गा.बसन्ती आदि विभिन्न प्रीति-कथायें लोक-कवियों का शृंगार बनी हैं। इनके अतिरिक्त भी विभिन्न लोक-कथायें विभिन्न लोक-कवियों का शृंगार बन अवतरित हुई।

लोक-साहित्य के पर्यवेक्षण का कार्य १९वीं शताब्दी के आरम्भ में अंग्रेज़ विद्वानों द्वारा प्रारम्भ हुआ। इन विद्वानों ने विभिन्न प्रकार से प्रर्यवे-क्षण कर इनकी मीसांसा की। इबट्सन, ईलियट, ग्राह्म बेली, क्रुक, कैरी, ग्रीयर्सन, ग्रोवर, टिसडल, टैम्पल, थौरेण्टन, न्यूटन, पेरी, फैगन, बर्टन, ब्लॉक, ज्वेल्ज़, ब्रिग्ज़, बीम्ज़, मैकेन्ज़ी, मैकोनेकी, राबर्ट मेजर, रेयर्स, रोज़, लाइटनर, स्टार्की, स्टील, स्विन्नरटन, तथा हेनपाल आदि विभिन्न विदेशी

विद्वानों ने इस क्षेत्र में कार्य किये है। भारतीय विद्वानों में मौलाना अब्दुल गफूर, गंगादत्त उप्रेती, प्रोफेसर पी. डी. गुने, तारा दत्त गैरोला, सुनीति कुमार चटर्जी, डा० बनारसी दास जैन, कृष्णगोपाल भण्डारकर, एम. एस. रन्धावा, सन्तराम बी. ए., डा० उदयनारायण तिवारी, वासुदेव शरण अग्रवाल, महापण्डित राहुल सांकृत्यायन, अगर चन्द नाहटा, बैजनाथ सिंह विनोद, डा० श्याम परमार, डा० चिन्तामणि उपाध्याय, लक्ष्मी बाई चूड़ावत, शिव सहाय चतुर्वेदी, डा० श्यामाचरण दुबे, डा० सत्येन्द्र, सूर्यकरण पारीख, सूर्य नारायण व्यास, डा० सुरेश अवस्थी, तथा इन पंक्तियों के लेखक ने इस दिशा में विशिष्ट कार्य किया है।

लोक-साहित्य के मनोवैज्ञानिक विश्लेषण एवम् उसका पर्यवेक्षण कार्य करने मे गुजरात के श्री झवेरचन्द मेघाणी, याग्निक पण्डया, मधुभाई पटेल, रणजीत राय मेहता, एस. एन. शाह, आदि का विशेष कार्य है। इसी प्रकार बंगला के आफ़ताबउद्दीन, आसुतोष भट्टाचार्य, कांगाल हरिनाथ, गुरुप्रसाद दत्त, गिरीशचन्द्र सैन, कालिचरण चक्रवर्ती, जासिमुद्दीन, अवनीन्द्र ठाकुर, रवीन्द्र ठाकुर, अक्षय कुमार दत्त, भोलानाथ दत्त, सुशील कुमार देव, नरेन्द्र मजुमदार, हरिदास पालित, मोहित लाल मजुमदार, मनसूरुद्दीन, मणीन्द्र बसु दक्षिणारजन मजुमदार, दुर्गावति मुखोपाध्याय, चारुचन्द बन्धोपाध्याय, राखालदास, मणिलाल, नीलकांत सरस्वती, पवित्र सरकार, दिनेशचन्द्र सैन, सुकुमार सैन, क्षितिमोहन सैन, तथा एनामुल हक आदि ने विशिष्ट कार्य किया है। मराठी में अनुसुईया भागवत, कमला बाई देशपाण्डे, काका कालेलकर, पा. श्र. गोरे, मालती दांडेकर, बि. वा. जोशी, साने गुरु, तथा नारायण मोरेश्वर खरे का कार्य विशिष्ट है। उर्दू में भी लोक-साहित्य का कार्य कम नहीं हुआ। श्री संन्त राम बी. ए., रामसरण दास एडवोकेट, होतू राम, तथा देवेन्द्र सत्यार्थी का कार्य उल्लेखनीय है। केरल में प्रेमनाथवैट्टियर, तथा

मद्रास के ई. कृष्ण अय्यर, आन्ध्र, के श्री के. एस. कारन्त, मणिपुर की श्रीमती विमला रेना, उडीसा के भवग्राही मित्र, गंगाधर मोहन्ती आदि का कार्य प्रशंसनीय एवम् सराहनीय है।

पिछले कुछ वर्षो मे अखिल भारतीय लोक-संस्कृति सम्मेलन को डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय ने इलाहाबाद में संयोजित किया, जिसके तीन अधिवेशन १९५८ इलाहाबाद, १९५९ बम्बई, १९६१ उज्जैन में हुए। किन्तु तीनों अधिवेशनों में सिवा विद्वानों के पत्र-पठन एवम् रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रदर्शन के अतिरिक्त कोई भी ठोस कदम इस दिशा मे नही उठाया गया।

लोक-साहित्य के पर्यवेक्षण का कार्य मात्र उसके संकलन से ही पूरा नहीं हो जाता वरन् इसके लिए विद्वानों मे परिचर्चा, काल निर्णय, इतिहास-आकलन, तथा तत्कालीन भाषा एवम् रीति-रिवाज एवम् परम्पराओं का शोधकार्य आवश्यक है। इस कार्य के लिए शासन का सहयोग सर्वाधिक वांच्छनीय है। इन पंक्तियों के लेखक ने जनवरी १९५७ में शासन को एक योजना अखिल भारतीय स्तर पर फ़ोक-लोर-अकादमी के निर्माण के लिए एवम् भाषायी पर्यवेक्षण के लिए प्रस्तुत की थी। शासन ने संगीत नाटक अकादमी को तत्संबंधी एक संगोष्टि करने के लिए भी कहा। किन्तु यह संगोष्टि आज तक भी शासकीय स्तर पर संभव न हो सकी। पिछले दिनों उज्जैन में जब अधिवेशन हुआ तो वहाँ विद्वानों द्वारा यह एकमत से स्वीकार किया गया कि इस प्रकार की संस्था अथवा अकादमी राजधानी में होना परमावश्यक है। बिना इसके किसी प्रकार का भी ठोस शोधकार्य संभव नहीं होगा।

अब वह समय आ गया है जब भारतीय विद्वानों को संकलित लोक-साहित्य अथवा लोक-सामग्री से उसे नये परिधान देकर संजोना चाहिये एवम् इसे लोकोपकारी बनाना चाहिये। जिससे कि इस वृहद् संकलित सामग्री का सदुपयोग हो सके।

प्रयोग के रूप में भारतीय नाट्य संघ, नई दिल्ली के तत्वावधान में इन पंक्तियों के लेखक तथा श्री मोहन जी उप्रेती ने लोक-नाटकों पर एक नया प्रयोग किया, जिसमें इसका रिवाईवल करने का यत्न किया। बगाल की यात्रा, उत्तर प्रदेश की नौटंकी और मध्य प्रदेश के माच में एक नया अध्याय इस प्रयोग से जुड़ा है। इसी प्रकार भारतीय नाट्य संघ के तत्वावधान में एक नया प्रयोग 'थियेटर क्राफ्ट्स वर्क शाप' स्थापित करके किया जा रहा है जिसमें भारतीय लोकनाट्य सम्बन्धी सामग्री—कठपुतलियाँ, मुखौटे, वस्त्रा-भूषण, पुतले, आदि का आधुनिक ढंग से पुर्ननिर्माण किया जा रहा है। इस कार्य में श्री इन्दर राज़दान प्रयत्नशील हैं। इन सभी प्रयोगों के पीछे श्रीमती कमला देवी चट्टोपाध्याय की आशिष एवम् डॉ० सुरेश अवस्थी का मार्गदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

केन्द्रीय फ़ोकलोर अकादमी की आवश्यकता

सर्व-विदित है कि गत कुछ समय से भारतीय जनपदों में लोक-साहित्य-पर्यवेक्षण का कार्य गति-शील हुआ है। यह कार्य वास्तव मे अत्यावश्यक एवं महत्त्वशील है, परन्तु इस कार्य को प्रायः फुटकर रूप से ही किया गया है। यदि इस कार्य को फुटकर या व्यक्तिगत रूप से न करके योजना-बद्ध रूप से किया जाये तो निश्चय ही हम अपने साहित्य, संस्कृति, इतिहास एवं समाज की अतीव सेवा कर सकेंगे। आज का युग हमसे माँग करता है कि हम अपने लोक के अन्तस की पीड़ा, वेदना एवं उसकी अर्न्तनिहित भावनाओं को भली-भाँति समझें, उनका प्रतिपादन करें, उनका निस्तार करें और अन्ततः उसे दूर कर सही और सच्चे अर्थों में लोक-राज की स्थापना में साहित्यिक के कर्त्तव्यों को पहचान कर जन-जन में और लोक-अन्तस में पैठ जाने वाले लोक-गीतों, लोक-नृत्यों, लोक-कथाओं, लोक-कलाओं, लोक-नाट्यों तथा उनके

भेदों में आधुनिक लोक-रंग देकर उसे वर्तमान लोक-समाज एवं लोक-राज की स्थापना के योग्य बनायें। हमारा कर्त्तव्य केवल लोक-साहित्य संग्रह करने से ही पूरा नहीं हो जाता, केवल उस पर लेखादि लिखने पर ही सम्पूर्ण नहीं होता, वरन् हमें उनकी उत्पत्ति, उनके प्रकार, उनका वर्गीकरण, उनकी ध्वनियें उनका काल निर्णय और उनका सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनैतिक तथा साहित्यिक महत्त्व देखते हुए नये साँचे में ढालना चाहिये जिससे वे आज के युग के लिये लाभकारी एवं लोक-राज तथा स्वस्थ्य समाज की पुनर्स्थापना में सहायक हो सकें तथा राष्ट्र के लिये हितकारी सिद्ध होकर स्वस्थ्य विचार प्रदान कर सकें। लोक-साहित्य-संग्रह, उसके पर्यवेक्षण एवं उन पर कार्य करने के सम्बन्ध में विद्वानों के अनेक मत पठनीय हैं, जिन्हें यहाँ दिये बिना हम आगे नहीं बढ़ पायेंगे। कुछ विचार देखिये :—

"मुझे मध्यभारत का इतिहास लिखने में राजस्थानी लोक-गीतों से पर्याप्त सहायता मिली"

—सर जॉन मालकम

श्री० गौरीशंकर हीराचन्द ओझा जी ने भी उपरोक्त मत की पुष्टि की है, उन्हें भी इतिहास की पर्याप्त कड़ियाँ लोक-साहित्य से ही प्राप्त हुईं। राजस्थानी, बुन्देली तथा भोजपुरी में तो कुछ वीरगाथायें भी प्राप्त हुई हैं। हाल ही में मालवी की भी एक पद्य-बद्ध वीरगाथा प्राप्त हुई है जिससे यहाँ के इतिहास पर एक विशेष प्रभाव पड़ा। लोक-साहित्य का अध्ययन यों आवश्यक है कि इतिहास के अध्ययन का वह प्राण है। धार्मिक और सांस्कृतिक धारणायें, व्यवहारिक-पारिवारिक-सामाजिक रीति-रिवाज, पहनावे, मान्यतायें धारणायें तथा कई ऐसी बातें हैं जो मानी गई हैं—वे लोक-साहित्य में ही भरी पड़ी हैं। यही नहीं, शब्दों की उत्पत्ति तथा उनके भेदोपभेदों को जानने के लिये लोक-साहित्य का संग्रहित होकर उन पर सुन्दर ठोस कार्य किया

जाना इसलिये भी आवश्यक है क्योंकि इससे भाषाओं के व्युत्पत्ति कोषों की रचना हो सकेगी। श्री टर्नर के "ए कम्परेटिव इटिमॉलॉजिकल डिक्शनरी ऑफ नेपालीज़ लेंगुएज" जैसे कोष तय्यार करने का अब युग आगया है।

दक्खिनी हिन्दी पर पर्याप्त प्रकाश डालना आवश्यक मान कर श्री विनयमोहन शर्मा ने अपने एक लेख में लोक-साहित्य संग्रह को तथा उस पर ठोस कार्य करने को आवश्यक माना है। यही नहीं आर्य और द्रविड़ भाषाओं का तुलनात्मक अध्ययन करते समय श्री विनय मोहन शर्मा ने अनेक ऐसे शब्द दिये हैं जो आर्य भाषाओं और द्रविड़ भाषाओं में एक से हैं; अन्त में वे कहते हैं—"इससे यह सन्देह होता है कि कहीं इस भाषा को शुद्ध तामिल वंश की मान कर भूल तो नहीं की गई, इसीलिये नये सिरे से भारतीय भाषाओं का सर्वे का कार्य प्रारम्भ करना आवश्यक है।

उपरोक्त विभिन्न मतों के प्रकाश में हम यह निर्णय तो निश्चय दे सकते है कि लोक-साहित्य-पर्यवेक्षण का कार्य भारत की स्वतंत्रता के पश्चात् अब पूर्ण-रूपेण आवश्यक होगया है। हमें इसका पर्यवेक्षण कर इसे गति देनी चाहिये जिससे आधुनिक समाज को, संस्कृति को तथा नवीन योजनाओं को बल मिले एवं उन्हें पूर्ण करने में लोक की जिव्हा का परम्परागत सहयोग प्राप्त हो सके।

आवश्यक है कि शासन तथा विद्वज्जन इस कार्य को पूर्ण करने में पूरा-पूरा सहयोग प्रदान करें। शासन का सहयोग एवं कर्त्तव्य केवल अर्थ प्रदान करने से ही पूर्ण नहीं होता वरन् हम शासन से यह भी कामना करते हैं कि वह इस दिशा में अपनी पूरी-पूरी रुचि भी प्रदर्शित करे जिससे पर्यवेक्षकों को उत्साह प्राप्त होता रहे और वे इस परमावश्यक कार्य को भली-भांति पूर्ण भी कर सकें।

पर्यवेक्षण—नवीन योजना

मैं इस कार्य के हेतु निम्न योजना प्रस्तुत करता हूँ :—

१. लोक-गीत—१. संग्रह २. वर्गीकरण ३. उत्पत्ति ४. काल-निर्णय ५. स्वर-लिपि ६. ध्वनि-आलेखन ७. आधुनिकरण ८. गायक का चित्र ९. गीत के वाद्य १० तुलनात्मक अध्ययन ११. प्रदर्शन।

२. लोक-कथा—१. संग्रह २. वर्गीकरण ३. उत्पत्ति ४. काल-निर्णय ५. आधुनिकरण ६. नाटकीकरण ७. चित्र ८. तुलनात्मक अध्ययन ९. प्रदर्शन।

३. लोकोक्ति— १. संग्रह २. वर्गीकरण ३. उत्पत्ति ४. काल-निर्णय ५. आधुनिक उपयोग ६. चित्र ७. तुलनात्मक अध्ययन ८. प्रदर्शन।

४. लोक-नृत्य—१. नृत्यों में प्रयुक्त गीतों का संग्रह २. नृत्यों का वर्गीकरण ३. उत्पत्ति ४. काल-निर्णय ५. स्वरलिपि ६. नृत्य का ढंग ७. ध्वनि-आलेखन ८. प्रतिबिम्वालेखन ९. नृत्यकों के चित्र १०. चल-चित्र ११. महत्त्व १२. आधुनिकरण १३. तुलनात्मक अध्ययन १४. प्रदर्शन।

५. लोक-कला—१. संग्रह २. वर्गीकरण ३. उत्पत्ति ४. काल-निर्णय ५. चित्रालेखन ६. प्रतिबिम्बालेखन ७. महत्त्व ८. आधुनिकरण ९. प्रदर्शन १०. तुलनात्मक अध्ययन।

६. लोक-वाद्य—१. संग्रह २. वर्गीकरण ३. उत्पत्ति ४. काल-निर्णय ५. चित्रालेखन ६. ध्वनि-आलेखन ७. महत्त्व ८. स्वरलिपि ९. तुलनात्मक अध्ययन १०. वादक का

चित्र ११. आधुनिकरण १२. प्रदर्शन ।

७. लोक-परंपरायें—१. संग्रह २. वर्गीकरण ३. उत्पत्ति ४. काल-निर्णय ५. महत्त्व ६. आधुनिकरण ७. तुलनात्मक अध्ययन ८. प्रदर्शन ।

८. लोकोत्सव—१. संग्रह २. वर्गीकरण ३. उत्पत्ति ४ काल-निर्णय ५. महत्त्व ६; आधुनिकरण ७. तुलनात्मक अध्ययन ८. चित्रा-लेखन ९. चलचित्रालेखन १०. प्रदर्शन ।

९. लोक-नाट्य—१. संग्रह २. वर्गीकरण ३. उत्पत्ति ४. कालनिर्णय ५. स्वरलिपि ६. नाट्य परंपरा ७. ध्वनि-अलेखन ८. चित्रालेखन ९. आधुनिकरण १०. तुलनात्मक अध्ययन ११. प्रदर्शन ।

१०. लोक-कवि अथवा—१. संग्रह २. वर्गीकरण ३. उत्पत्ति ४. काल-
लोक-काव्य [छपित] निर्णय ५. आधुनिकरण ६. चित्रा-लेखन ७. तुलनात्मक अध्ययन ८. प्रदर्शन ।

११. लोक-इतिहास—प्रदेश, ग्राम्य, भिन्न स्थानों के अथवा लोक-सम्बन्धी भिन्न-भिन्न इतिहास का संग्रह तथा उसका पर्यवेक्षणीय निर्णय एवम् आधुनिक दशा ।

उपरोक्त पर्यवेक्षण के वे अंग हैं जिन पर हमें भविष्य में कार्य करना है। इस कार्य को पूर्ण करने में प्रत्येक भारतीय जनपद को पाँच वर्ष का समय लगेगा। पाँच वर्ष के पश्चात् हमारे समक्ष बोली, लिपि, साहित्य, संस्कृति तथा परंपराओं आदि की सम्पूर्ण खोज-पूर्ण रिपोर्ट तैयार हो जायेगी और हमें यह भी ज्ञात हो जायेगा कि राष्ट्रीय भावनाओं से पूरित निर्माणात्मक योजनाओं को फलीभूत करने में हम अपने इस लोक-साहित्य द्वारा कितने सफल हो सकते है। विदेश में इस प्रकार का कार्य पर्याप्त मात्रा में हो चुका है। हमें अपने देश में इस कार्य को पूर्ण करने की परमावश्यकता है।

उपरोक्त योजना वृहद् एवम् महत्त्वशील है, अतएव हमारे लिये सर्वाधिक आवश्यक है कि हम शासन से माँग करें कि वह "संगीत-नाटक-अकादमी", "ललित-कला-अकादमी" तथा "साहित्य-अकादमी" की भाँति ही "फ़ोक-लोर अकादमी" की स्थापना केन्द्र में करे तथा अपने तत्वावधान में भारतीय जन-पदों का पर्यवेक्षण कार्य करे। यह पर्यवेक्षण कार्य केवल इसलिये ही आवश्यक नहीं है कि हमें इससे भाषागत अनुसंधान का नया दृष्टिकोण मिलता है, वरन् इसलिये भी आवश्यक है कि इस प्रकार की योजनायें तथा पर्यवेक्षण हमें एक नई दिशा प्रदान करेंगे।

केन्द्रीय फ़ोक-लोर-अकादमी : संगठन विधान

विभिन्न जनपदीय संयोजक

प्रत्येक जनपद के लिये आवश्यक सामग्री

१. मूवी कैमरा, २. स्टिल कैमरा (रोली-कार्ड अथवा रोली फ्लेक्स) ३. टेपी-रिकार्डर, ४. स्टेशनरी, ५. टाइप-राइटर

जनपदीय योजना पूरक

१. संयोजक, २. सहकारी पर्यवेक्षक ८. (अ. सँगीतज्ञ, ब. मंच विशेषज्ञ स. नृत्यकार, द. संग्रहकार ५) ३. फोटोग्राफर-कम-टेक्नीशियन ४. तूलिका-कार ५. रसोईया, भृत्य।

प्रत्येक जनपद के लिए पर्यवेक्षण-काल

२॥ वर्ष में प्राथमिक साहित्य का संग्रह

२॥ वर्ष में संपादन लेखन तथा शोध कार्य

जनपदीप व्यय-पत्रक

संयोजक	५००) रु. प्रतिमास		६००० रु. प्रति वर्ष
सहकारी पर्यवेक्षक	४००) रु. ,,	८	३८४०० रु०. ,,
फोटोग्राफरकम-टेक्नीशियन	३००) रु. ,,		३६०० रु. ,,
तूलिकाकार	३००) रु. ,,		३६०० रु. ,,
रसोइया व भृत्य	१००) रु. ,,		१२०० रु. ,,
			योग ५२८०० रु. प्रतिवर्ष
आवश्यक सामग्री			३७०० रु. ,,
अन्य			३५०० रु. ,,
			कुल योग ६०००० रु. प्रतिवर्ष
पांच वर्ष मे प्रत्येक जनपद पर व्यय			३००००० रु.

कुल मिलाकर हम भारत को विभिन्न बारह जनपदों में विभाजित कर सकते हैं। इन सभी जनपदों पर लोक-साहित्य सम्बन्धी शोध होने पर हमें विभिन्न भाषायी समस्याओं का समाधान प्राप्त होगा और हमें लगभग सम्पूर्ण भारत में अनेकता में एकरूपता स्पष्ट परिलक्षित होगी। इस एक-रूपता के द्वारा ही हम राष्ट्रीय एकीकरण में पूर्णरूपेण सफल हो पायेंगे, जिससे हमारा भविष्य ज्वाजल्यमान होगा और हम आने वाले युग में स्वयं को सांस्कृतिक एवम् साहित्यिक रूप से न केवल सम्पन्न ही पायेंगे वरन् यह भी अनुभव कर पायेंगे कि जहां हमारा अतीत गौरवशाली था वहां हमारा भविष्य भी परमोज्वल है।

मैं केन्द्रीय सांस्कृतिक मंत्रालय से एवम् उसके शासन से अनुरोध करूँगा कि वे इस योजना पर ध्यान दे शीघ्रातिशीघ्र ध्यान देकर योजना को कार्यान्वित करने में ठोस कदम उठायें तथा देश को अपने सांस्कृतिक इतिहास में एक नए एवम् परमोज्वल अध्याय की वृद्धि करने दें।

अंग्रेजी में हुये पंजाबी सम्बन्धी कार्य की सूची

पंजाब एवम् पंजाबी लोक भाषा तथा लोक साहित्य का संकलन काल पर्याप्त लम्बा है, जिसका हमने विस्तृत वर्णन पहले किया है। नीचे हम उन महानुभावों की सूची देना उपयुक्त समझते हैं जिन्होंने पंजाबी सम्बन्धी विभिन्न पर्यवेक्षण एवम् सम्पादन आदि किये हैं। अंग्रेजी में पंजाबी सम्बन्धी हुये कार्य की सूची निम्न है—

अब्दुलगफूर, मौलाना	ए कम्प्लीट डिक्शनरी आफ दी टर्म्स बाय दी क्रिमिनल ट्राइब्ज आफ दी पंजाब, १८७९.
इबट्सन	पंजाब कास्ट्स १९१६.
ईलियट, एच० एम०	मैमोरीज आफ दी हिस्ट्री, फोक लोर एण्ड दी डिस्ट्रीब्यूशन आफ दी रेसेज आफ नार्थ वेस्ट फ्रण्टियर प्राविन्सेज आफ इण्डिया, १८६९,
उपरेत्ती, गंगादत्त	प्रावर्ब्स एण्ड फोक-लोर आफ कुमायूं एण्ड गढ़वाल १८९२.
	मार्शल राइम्स आफ कुमाऊं,
	मुलतानी ग्लासरी, १९२१
कमिंग, टी० एफ० तथा ग्राहम बेली	पंजाबी मैन्यूअल ग्रामर, १९१२
क्रुक, डब्ल्यू,	रिलीजन एण्ड फोकलोर आफ नार्दर्न इण्डिया १९२६
	ट्राइब्स एण्ड कास्ट्स आफ नार्थ वेस्ट फ्रण्टियर प्राविन्सेज आफ इण्डिया, १९३०.

केरी	ए ग्रामर आफ पंजाबी लैंग्वेज, १८१२
ग्राहम बेली	पंजाबी ग्रामर १९०४.
	ए पंजाबी फोनेटिक रीडर, १९१४.
ग्रीअर्सन, जी० ए०	टू वर्जन्स आफ दी साँग्स आफ गोपीचन्द, १८८५.
	ऑन फोनोलॉजी आफ मॉडर्न इण्डो आर्यन वर्नेक्यूलर्स १९९५-९६
	दी पापूलर लिटरेचर आफ नार्दर्न इण्डिया, बुलेटिन आफ दी स्कूल आफ आरियण्टल स्टडीज, लन्दन, १९२०.
ग्रीअर्सन	लिग्विस्टिक सर्वे आफ इण्डिया, ११ भाग, पंजाबी सम्बन्धी ९ वां भाग, प्रथम अध्याय, १८९४-१९२७.
	माडर्न इण्डोआर्यन वर्नेक्यूलर्स, १९३१.
गुने, प्रो० पी० डी०	इण्ट्रोडक्शन टू कम्परेटिव फिलालाजी, १९१८.
गैरोला, तारादत्त	फोकलोर आफ गढ़वाल, विश्वभारती त्रैमासिक, अंक ४, १९२६.
गोवर, जी०	हिमालियन विलेज,
चटर्जी, सुनीतिकुमार	इण्डो आर्यन एण्ड हिन्दी, १९४२.
जवाहरसिंह, मुन्शी	ए वाक्यूबलरी आफ टू थाउजण्ड वर्ड्स फ्राम इंग्लिश इण्टू पंजाबी.
जैन, डा० बनारसीदास	लुधियाना, फोनेटिक रीडर, १९३४.
,, ,,	फोनोलाजी आफ़ पंजाबी, १९३४.
टिजडल, मेजर	दी पंजाबी लैंग्वेज, १८८९.
टेम्पल, आर० सी०	दी लीजेण्ड्स आफ दी पंजाब, १८८५.

थारेण्टन, [टी० एस०	ए हैण्डबुक आफ लाहौर, १८२७.
धीर, नरेन्द्र	न्यू पाथ टू लिंग्विस्टिक सर्वे आफ इण्डिया, १९५७, तथा विभिन्न लेख आदि,
	इवाल्यूशन आफ पंजाबी लैंग्वेज, १९६०
	एन इण्ट्रोडक्शन टु स्वाँग: ए पजाबी फोक ड्रामा, १९६२.
न्यूटन, जान	ए ग्रामर आफ दी पंजाबी लैंग्वेज, १८५१,
न्यूटन, ई० पी०	पंजाबी ग्रामर, १८९८.
,, ,,	ए गाइड टू पंजाबी, १८९६.
नीडहमसट, राबर्ट	लिंग्विस्टिक एण्ड आरियण्टल ऐसेज,१८४६.
पेरी	हिन्दुस्तानी बोलियों पर अंग्रेजी में लेख, १८५३.
फैगन	हिसार गिजेटियर, १८९८.
बहेल, परमानन्द	इजेक्टिव आफ मुलतानी, १९२४.
बर्टन, आर० एफ०	सिन्ध एण्ड रेसेज दैट इनहैबिट इन दी वैली आफ इण्डस, १८५१.
बर्टन,	सिन्ध रीविजिटेड, १८५१.
ब्लाक, ज्वेल्ज	इण्डोआर्यन
ब्रिग्ज, जी० डब्ल्यू०	गोरखनाथ एण्ड कनफटा योगीज, १९३८.
बीम्ज, जान	ए कम्परेटिव ग्रामर आफ दी माडर्न एरियन लैंग्वेजेज आफ इण्डिया
भण्डारकर, कृष्णगोपाल	विलसन फिलालाजीकल लैक्चर्स, १८७७-१९१४.
भण्डारी, एन० एस०	स्नो बालज आफ गढ़वाल
माहियासिंह	दी पंजाबी डिक्शनरी, १८९५.

मेकजी, डोनाल्ड. ए०	इण्डियन ऐग्रीकल्चर प्रावर्ब्स आफ पंजाब, १८६०.
मोहनसिंह, डाक्टर	गोरखनाथ एण्ड मिडियेवल हिन्दू मिस्टिसीज्म, १६३८.
	ए शार्ट हिस्ट्री आफ पंजाबी लिटरेचर, १६३८.
राबर्ट, मेजर	ए ग्रामर आफ पंजाबी लैंग्वेज, १८३८.
रामकृष्ण, लाला	पंजाबी सूफी पोयट्स,
रन्धावा, एम० एस०	कांगड़ा फोक सांग्स, १६५२.
	हरियाना फोक साँग्स, १६५२.
	काँगडा वैली पेंटिंग्ज
	कुलूवैली फोक साँग्स
रेयर्ज, एम०	इंग्लिश पंजाबी डिक्शनरी, १८२६
रोज, एच० ए०	ए ग्लासरी आफ दी ट्राइब्स एण्ड कास्ट्स आफ दी पंजाब एण्ड नार्थ वैस्ट फ्रण्टियर प्राविन्सेज आफ इण्डिया, १६१६.
लाइटनर	हिस्ट्री आफ इण्डोजीनस एजूकेशन इन दी पंजाब.
वर्मा, सिद्धेश्वर	लहिंदी प्रोनाउन्सियेशन्स.
शालिगराम	एग्लो गुरुमुखी डिक्शनरी, १८६७
सत्यार्थी, देवेन्द्र	मीट माई प्यूपल, १६५२
	तथा माडर्न रिव्यू, काण्टेम्परेरी इण्डिया, एवम् ट्रिब्यून मे प्रकाशित विभिन्न लेखादि
स्टारकी, कैप्टन	डिक्शनरी आफ इंगलिश एण्ड पंजाबी, १८४६
स्टील, एफ० ए०	टेल्स आफ दी पंजाब, १८६४
स्विन्नरटन, सी०	रोमाण्टिक टेल्स फ्राम दी पंजाब, १६०३
सेठ, प्राणनाथ	कुरुक्षेत्र एवम् विभिन्न पत्रो में लेखादि

हेनप्राल, आर० सी० दी लीजेण्ड्स आफ दी पंजाब, १८४५

हिन्दी-पंजाबी में हुये पंजाबी सम्बंधी कार्य की सूची

ऊपर हमने अंग्रेजी में हुये पंजाबी सम्बन्धी शोधकार्य की संक्षिप्त सूची दी है। अब पंजाबी, उर्दू तथा हिन्दा में हुये विभिन्न पंजाबी लोक साहित्य सम्बन्धी शोध-ग्रन्थों की सूची दी जाती है:—

अजायब चित्रकार	फुल्लां भरी चुंगेर, १९५९, पंजाबी, रूरल पब्लिशर्ज लुधियाना तथा विभिन्न लेखादि।
	'साहित्य समाचार', पंजाबी मासिक, लुधियाना,
अमृता प्रीतम	'पंजाब दी आवाज', पंजाबी, नवयुग पब्लीशर्ज, दिल्ली १९५२,
	मौली ते मेंहदी, पंजाबी, नवयुग पब्लीशर्ज, दिल्ली १९५५
अवतारसिंह दिलेर	अड्डी-टप्पा, १९५२, पंजाबी, पंजाबी लोक-गीत वणतर ते विकास, पंजाबी, ५४
इन्द्रसिंह चक्रवर्ती	'जागृति' चण्डीगढ़ हिन्दी पंजाबी में छपित विभिन्न लेख
उत्तमसिंह तेज	रंगरंगीले गीत अमृतसर, हिन्दी, १९४९; पंजाबी १९४८
करतारसिंह सम्पादक	'जागृति' पंजाबी चण्डीगढ़
करतार सिंह दाखा	पंजाबी हिन्दी दा टाकरा, पंजाबी, १९५२
करतार सिंह दुग्गल	विभिन्न हिन्दी-पंजाबी पत्रों में प्रकाशित लेख
करतारसिंह समशेर	नीली ते रावी, पंजाबी, पंजाबी साहित्य एकादमी, लुधियाना; १९५९
	जीऊंदी दुनियां; १९४१; पंजाबी

करतारसिंह शमशेर	पंजाबी लोकगीत, हिन्दी, १९४३
	नचदी जवानी, पंजाबी, १९५९
किशन चन्द मोंगा	रंगबिरंगे गीत, हिन्दी, १९४६, अमृतसर
गुरुदित्त सिंह ज्ञानी	पंजाबी दे विकास दा इतिहास, पंजाबी
गोपालसिंह दर्दी	पंजाबी साहित्य दा इतिहास, उर्दू, १९४६
गंडासिंह प्रो०	पंजाबी लिपी दी समर्था, पंजाबी, १९५१
जी० बी० सिंह	गुरुमुखी लिपी दा जनम ते विकास, पंजाबी
जी० बी० सिंह	गुरुमुखी लिपी दे जनम ते विचार, पंजाबी
जोधसिंह प्रिंसीपल	गुरुमुखी लिपी, पंजाबी, १९५२
दुनीचन्द लला	हिन्दी-पंजाबी, भाषा-विज्ञान, पंजाबी, १९२५
देवेन्द्र सत्यार्थी	गिद्धा, पजाबी, १९३६, जनता, जनता लाहौर
	दीवा बले सारी रात, पंजाबी, १९४१, लाहौर बुक शौप
	मैं हूं खानाबदोश, उर्दू १९४१
	चट्टान से पूछ लो, उर्दू
	गाये जा हिन्दुस्तान उर्दू १९४६
	धीरे बहो गंगा, हिन्दी, १९४८
	धरती गाती है, हिन्दी, १९४८
	बेला फूले आधीरात, हिन्दी, १९४९
नरेन्द्र धीर	मैं धरती पंजाब की, हिन्दी, १९५४ द्वि० सं० १९५६ तृतीय संस्करण, १९५८, साहित्य संगम लुधियाना,
	मैं धरती पंजाब दी, पंजाबी . लाहौर बुक लुधियाना, १९५९
	धरती मेरी बोलती, हिन्दी, हिन्दी सदन, दिल्ली १९५९

नरेन्द्र धीर	धरती मेरी बोलदी, पंजाबी, लाहौर बुक शाप, लुधियाना
	मैं धरती पंजाब की, उर्दू, जमा ए-तुल-उलेमा-ए-हिन्द, १९६०
	नाथ-सिद्ध-साहित्य, हिन्दी, १९५९
	नाथ-सिद्ध साहित्त, पंजाबी, १९६१
	फोक लोर अकादमी द्वारा प्रकाशित विभिन्न परिपत्र १९५७ और उसके बाद
	हिमानी लोक-साहित्य, हिन्दी, नीरजा प्रकाशन, लुधियाना १९६१
	भारतीय लोक-नाट्य, हिन्दी, १९६२
	अन्तर्राष्ट्रीय लोकयानी अनुसन्धाता, हिन्दी-अंग्रेजी, फोक-लोर अकादमी, नई दिल्ली
प्यारासिंह पद्म संपादन	'पंजाबी दुनिया, पंजाबी, पटियाला, का सम्पादन।
	मांझे दीआं वारां, १९४९ पंजाबी
प्रीतमसिंह प्रोफेसर	खरोशनी लिपी, पंजाबी
बाबा बुद्धसिंह	हंसचोग, पंजाबी
बिहारी लाल	पंजाबी व्याकरण, १८६७, पंजाबी
मदनमोहन गोस्वामी (सम्पादन)	'जागृति' मासिक, चण्डीगढ़, हिन्दी तथा विभिन्न लेखादि
महेन्द्रपाल (सम्पादन)	'सप्तसिन्धु' हिन्दी, पटियाला, भाषा विभाग
मोहनसिंह डाक्टर	साहित्य सरोवर, पंजाबी १९३२
रामशरणदास एडवोकेट	पंजाब दे गीत, पंजाबी १९३०
विर्क कुलवन्तसिंह तथा नौरंग सिंह	

रन्धावा, महेन्द्र सिंह — पंजाब दे लोक-गीत, पंजाबी, १९५५

रन्धावा महेन्द्रसिंह — कुल्लू दे लोक-गीत, पंजाबी, १९५६

हरियाणा दे लोक-गीत', पंजाबी, १९५६.

काँगड़ा दे लोक-गीत, पंजाबी, १९५६.

(सम्पादन) प्रीत कहाणियाँ, पंजाबी, १९५७.

वणजारा बेदी — लोक आखदे हन पंजाबी, १९५९, पंजाबी साहित्य अकाडेमी, लुधियाना, तथा विभिन्न पंजाबी पत्रों में प्रकाशित लेखादि.

सुखदेव मादपुरी — जरी दा टोटा, पंजाबी, १९५८.

गाऊंदा पंजाब पंजाबी, १९५८

सुरिन्दर सिंह कोहली — पंजाब, दे गीत, पंजाबी, १९४४

संतराम बी. ए. — पंजाबी लोकगीत, हिन्दी,१९२५

संतसिंह सेखों (सम्पादन) 'आलोचना' पंजाबी मासिक, पंजाबी साहित्य अकाडेमी, लुधियाना

सन्तोखसिंह धीर (सम्पादन) लोक-गीतां बारे, पंजाबी, १९५६

पंजाबी लोक-कहाणियां, पंजाबी, १९५६

शमशेरसिंह 'अशोक', — पेप्सू में हिन्दी का लोक-साहित्य अंश, हिन्दी, १९५७

'सप्तसिन्धु' 'जागृति' एवम् 'पंजाबी दुनिया' में प्रकाशित विभिन्न लेखादि

शमशेरसिंह अशोक — प्राचीन जंगनामे

शरधाराम फिलौरी — पंजाबी बातचीत, पंजाबी, १८८३,

'शान' हरनामसिंह — सस्सी हाशम, पंजाबी, १९५७

शाकिर पुरुषार्थी	'जागृति', 'सप्तसिन्धु,' 'पंजाबी दुनिया' आदि में प्रकाशित विभिन्न लेखादि
शालिगराम	एंग्लो गुरुमुखी बोलचाल, पंजाबी, १९००
शेरसिंह प्रोफेसर	बार दे ढोले पंजाबी, १९५४
हजारा सिंह (सम्पादन)	'साहित्य समाचार' पंजाबी मासिक, विभिन्न लेख।
हरजीत सिंह	नै झनाँ, पजाबी, १९४३
हरनामसिंह 'नाज़'	विभिन्न पत्रों से प्रकाशित सामग्री
हरभजन सिंह ज्ञानी	पंजाबण दे गीत, पंजाबी-हिन्दी, १९४२, १९५०.

ऊपर हमने पंजाबी लोक-साहित्य संकलन, सम्पादन तथा शोध कार्य की विस्तृत सूची दी हैं। भारत की विभिन्न भाषाओं में हुये लोक-साहित्य सम्बन्धी कार्य की सूची देना यहाँ असंगत नहीं होगा। इस सूची के निर्माण करने में डा० महादेव साहा (लोक-साहित्य सम्बन्धी भारतीय साहित्य की संक्षिप्त सूची, सम्मेलन पत्रिका, पोष शुक्ल प्रतिपदा, सम्वत् २०१०, भाग ४०, संख्या १), डा० श्याम परमार (भारतीय लोक साहित्य—१९५४), डा० कृष्णदेव उपाध्याय (लोक साहित्य की भूमिका, १९५७) श्रीकृष्णदास (लोकगीतों की सामाजिक व्याख्या) मन्सूरउद्दीन ('हारामणि' बंगला १९४२), पंडित राम नरेश त्रिपाठी, कविता कोमुदी ५वां भाग, की विभिन्न सूचियों का हमने उपयोग किया है। उनकी विवृस्त सूची में हम अपनी जानकारी में आई अन्य विभिन्न पुस्तकों का भी उल्लेख कर रहे हैं। पंजाबी सम्बन्धी पुस्तकों का पुनः इस सूची में लगाना उचित प्रतीत नहीं होता। पाठक गण पंजाबी की सूची पिछले पृष्ठों में देख ही चुके हैं :—

हिंदीलिपि में प्रकाशित पुस्तकें

अगर चन्द नाहटा	'राजस्थान भारती' तथा 'वारदा' के विभिन्न अंक,
अमृता प्रीतम	पंजाबी और उसका साहित्य, राजकमल प्रकाशन,

अजितकुमार मुकर्जी	भारतीय लोक-कला, १९५३, कल्पना, हैदराबाद ।
आर्थर डबल्यू. जे. तथा संकटा प्रसाद	भोजपुरी ग्राम्य-गीत, लहरिया सराय, पटना ।
आदर्श कुमारी यशपाल	बृज की लोक-कथायें, १९५५, आत्माराम एण्ड सन्स, दिल्ली ।
आनन्द प्रकाश जैन	तेलंगाना की लोककथाएं, १९५५, आत्मा राम एण्ड सन्स, दिल्ली ।
	भारतीय गौरव की लोक-कथाएं, १९५६, आत्माराम एण्ड सस, दिल्ली ।
ईश्वर बराल	नेपाली और उसका साहित्य, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली ।
उत्तम सिंह तेज	रंग-रंगीले गीत, १९४६, उत्तमसिंह गुरुबचनसिंह, अमृतसर ।
उदयनारायण तिवारी	भोजपुरी भाषा और साहित्य, राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना
	भोजपुरी लोकोक्तियां, १९३९, हिन्दुस्तानी, प्रयाग
	भोजपुरी मुहावरे, १९४०-४१ हिन्दुस्तानी, प्रयाग ।
	भोजपुरी पहेलियाँ, १९४२, हिन्दुस्तानी, प्रयाग ।
उमादेवी यादव	भोजपुरी लोक-गीतों मे नारी, १९५४, पाटल, पटना ।
उमाशंकर शुक्ल	बुन्देलखण्ड के लोक-गीत, इण्डियन प्रेस, इलाहाबाद ।
उमेश मिश्र	मैथिली और उसका साहित्य, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली ।
कमलकुमार श्रीवास्तव	होली के छत्तीस गढ़ी गीत, १९५४, प्रतिमा, नागपुर ।

करतारसिंह दुग्गल	पजाबी लोक-साहित्य १९५९, अजन्ता, हैदराबाद ।
कल्याण विन्दु नूरकर	आदिवासियों के प्रेमगीत, १९५२ अजन्ता हैदराबाद ।
कन्हैयालाल सहल	राजस्थानी कहावतें
कुसुम पाल नीहारिका	काठियावाड़, और गुजरात के गर्बा-गीत, १९५०, भारती, ग्वालियर ।
कुमार गंधर्व	भारतीय लोक संगीत, १९५२, सम्मेलन पत्रिका इलाहाबाद ।
डा० कृष्णदेव उपाध्याय	भोजपुरी लोकगीत, भाग १, १९५५ द्वितीय संस्करण, हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग ।
	भोजपुर लोकगीत, भाग २, १९४९, हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग ।
	लोकसाहित्य की भूमिका, १९५७, साहित्य भवन लि० प्रयाग ।
	भोजपुरी और साहित्य, १९५७, राजकमल प्रकाशन दिल्ली ।
	भोजपुरी लोकसाहित्य का अध्ययन, हिन्दी प्रचारक पुस्कालय काशी ।
	भोजपुरी लोकसंस्कृति का अध्ययन ।
	अवधी लोकगीत, भाग १ ।
कृष्णचन्द्र मौंगा	रंगबिरंगे गीत, १९४६, माधीराम संतराम, अमृतसर ।
कृष्णलाल हंस	निमाड़ी लोककथाएँ, भाग १, १९५२, आत्माराम एण्ड संस, दिल्ली ।
	निमाड़ी लोककथाएँ भाग २, १९५४, आत्माराम एण्ड संस, दिल्ली ।

कृष्ण लाल हंस	भारतीय लोकगीतों में नारी, १९५६, ४, अजंता, हैदराबाद।
कालिका प्रसाद दीक्षित 'कुसुमाकर'	राष्ट्रवाणी, हिन्दुस्तान, धर्मयुग में प्रकाशित लेख, १९५६ के बाद
कृष्णानन्द गुप्त	ईसुरी की फागें (सम्पादित), लोकवार्ता परिषद, टीकमगढ़।
	बुन्देलखण्डी और उसका साहित्य, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
खंगबहादुर मानन	सुधाबूंदा, १८८४, बाकीपुर पटना।
खेताराम माली	मारवाडी गीतसंग्रह।
गोपाल कृष्ण कौल	अवध की लोककथाएं, १९५५, आत्माराम एण्ड संस दिल्ली।
डा० गोविन्द चातक	गढवाल की लोककथाएं, १९५५, आत्माराम एण्ड संस दिल्ली।
डा० गोविन्द चातक	नेपाल की लोककथाएं, १९५६, आत्माराम एण्ड संस, दिल्ली।
गिरिधारी लाल शर्मा	राजस्थानी प्राचीन गीत, १९५७, साहित्य संस्थान, उदयपुर।
	राजस्थानी भीलगीत, १९५७, साहित्य संस्थान, उदयपुर।
चन्द्रकुमार अग्रवाल	छतीसगढ़ की लोककथाएं, १९५३, आत्माराम एण्ड संस, दिल्ली।

डा० चिन्तामणि उपाध्याय	मालवी लोकगीत (थीसिस) १९५७, ।
	मालवी एक भाषा शास्त्रीय अध्ययन, १९६०, मंगल प्रकाशन, जयपुर ।
	लोकयान, १९६१, मंगल प्रकाशन, जयपुर ।
	मालवीय ग्राम साहित्य की पहेलियाँ, १९४८' विक्रम उज्जैन ।
	लोकसाहित्य की 'मीरा' चन्द्रसखी, १९४९, 'विक्रम' उज्जैन ।
जगदीश चतुर्वेदी	बघेली लोकसाहित्य, १९५८, शलभ साहित्य प्रकाशन, उज्जैन ।
जगदीश चतुर्वेदी	भारत के नृत्य तथा भारत की शिल्प कलायें, १९५८,
डा० जगदीशप्रसाद चतुर्वेदी	'जनपद' त्रैमासिक, १९५२, अ० भा० ज० परिषद, काशी ।
जगन्नाथ शर्मा	आबू की लोककथाएं, १९५२, आत्माराम एण्ड संस, दिल्ली ।
	जर्मनी की लोककथाएं, १९५४, आत्माराम एण्ड संस, दिल्ली ।
	काजल रेखा, १९५७, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली ।
जगदीश सिंह गहलोत	मारवाड़ी ग्राम गीत ।
जगदीश त्रिगुणायत	बांसुरी बज रही और उसका साहित्य, १९५६, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना ।
जीतेन्द्र चन्द्र चौधरी	असमिया और उसका साहित्य ।

जनक अरविंद	भारत के आदिवासी, १९५८, इंडियन पब्लीकेशन, अम्बाला।
ठाकुर राम सिंह	चारणी गीत।
तारा चन्द ओझा	मारवाड़ी स्त्री-संग्रह।
तिलक	भारतीय लोक-साहित्य का विकास, १९५४, अजन्ता हैदराबाद।
तेजकुमार बम	कालिदास की लोक-कथाएं, १९५४, हिन्दी सदन, दिल्ली।
	विक्रम की लोक-कथाएं, १९५४, हिन्दी सदन, दिल्ली।
	ग्रामीण कहावतें, १९६०, पंचायत एवं समाज सेवा मध्य प्रदेश, इन्दौर।
	भोजराज की लोक-कथाएं, १९६१, किताब महल, इलाहाबाद।
	मध्यप्रदेश की लोक-कथाएं, बालसदन, दिल्ली।
	मालवी लोक-कथाएं, बालसदन, दिल्ली।
दुर्गाशंकर प्रसाद सिंह	भोजपुरी लोक-गीतों में करुण रस, १९५७, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग।
	भोजपुरी के कवि और काव्य, राष्ट्रभाषा परिषद् पटना।
देवी प्रसाद वर्मा	छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक गीत, १९५४, प्रतिभा नागपुर।

देवीशंकर अवस्थी	फागों का त्योहार, १९५४, प्रतिमा नागपुर।
देवीलाल सामर	राजस्थानी लोक-कला, ३ भाग, १९५२, लोक-कला मण्डल, उदयपुर।
	राजस्थान का लोक-सगीत, १९५३, लोक-कला मंडल उदयपुर।
	राजस्थान का लोकानुरंजन, १९५४, लोक-कला, मंडल, उदयपुर।
	राजस्थान के लोक-नृत्य, लोक-कला मण्डल, उदयपुर।
देवेन्द्र सत्यार्थी	दीवा बले सारी रात, १९४१।
	मैं हूँ खानाबदोश, १९४१।
	बाजत आवे ढोल, १९४४, एशिया प्रकाशन नई दिल्ली।
	चट्टान से पूछ लो, १९४५, एशिया प्रकाशन नई दिल्ली।
	गाये जा हिन्दुस्तान, १९४६।
	धीरे बहो गंगा, १९४८, राजकमल प्रकाशन दिल्ली।
	धरती गाती है, १९४८, राजकमल प्रकाशन दिल्ली।
	बेला फूले आधी रात, १९४९, राजहंस प्रकाशन दिल्ली।
	क्या गोरी क्या साँवरी, १९५२, एशिया प्रकाशन दिल्ली।
	आजकल आदिवासी अंक (सम्पादित), १९५३ इन्फर्मेशन एण्ड पब्ली० विभाग दिल्ली।
	आजकल लोक-कथा अंक (संपादित) १९५४ इन्फर्मेशन एण्ड पब्ली० विभाग, दिल्ली।

देवेन्द्र सत्यार्थी	लोक-साहित्य की यथार्थवादी परम्परा, १९५२, आलोचना दिल्ली।
	हमारे ग्राम-गीत, १९३६, 'हंस' बनारस।
द्रोणवीर कोहली	लोक-कथायें, राजकमल प्रकाशन दिल्ली।
न० वी० कृष्ण वारियर	मलयालम और उसका साहित्य, राजकमल प्रकाशन।
नरसिंहराम शुक्ल	चैता—ग्रामसंगीत, १९४१, 'साधना' बम्बई।
नरेन्द्र धीर	मैं धरती पंजाब की, प्रथम तथा द्वितीय सं० १९५४-५५, क्रान्ति प्रकाशन।
